# जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास

पता- पुराना डी. सी. ऑफिस मॉडल टाउन, रेवाड़ी पिन 123401,
फोन- 01274-223694

सेवा,

सभी महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी (WCDPO),
रेवाड़ी।

क्रमांक: 1351-56 दिनांक: 15/07/2026

विषय: आंगनवाड़ी कार्यकर्ता (AWW) एवं हेल्पर (AWH) की पूर्णत: अस्थाई एवं मानदेय आधारित सीधी भर्ती हेतु ग्राम/वार्ड पर मुनादी (डिंदोरा) करवाने बारे।

उपरोक्त विषय के संदर्भ में आपको सूचित किया जाता है कि महिला एवं बाल विकास विभाग, रेवाड़ी द्वारा आपके परियोजना के अंतर्गत आने वाले आंगनवाड़ी कार्यकर्ता (AWW) और हेल्पर (AWH) के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। इस भर्ती प्रक्रिया के तहत आवेदन पत्र प्राप्त करने एवं जमा करने की अवधि दिनांक 20.07.2026 से 29.07.2026 तक निर्धारित की गई है।

इस भर्ती की सूचना प्रचार एवं प्रसार के लिए यह अत्यंत आवश्यक है कि आपके ग्राम/मुवदु पर इसकी व्यापक स्तर पर मुनादी करवाई जाए।

आपको सूचित किया जाता है कि दिनांक 20.07.2026 से 29.07.2026 की अपने-अपने ऑफिसर क्षेत्र/गॉव में मुनादी (डिंदोरा) करवाना सुनिश्चित करें। मुनादी के दौरान निम्नलिखित मुख्य बिंदुओं का प्रचार क्रिया जाए:

आवेदन की तिथि: दिनांक 20.07.2026 से 29.07.2026 को सायं 5:00 बजे तक।

योग्यता: आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के लिए न्यूनतम 12वीं पास तथा हेल्पर के लिए न्यूनतम 10वीं पास होना अनिवार्य है।

पात्रता: केवल संबंधित ग्राम पंचायत/वार्ड की स्थायी निबासी महिला अभ्यर्थी ही आवेदन कर सकती हैं।

आयु सीमा: 18 से 42 वर्ष (विशेष श्रेणियों जैसे विधवा/तलाकशुदा महिलाओं के लिए अधिकतम आयु 45 वर्ष)।

आवेदन का स्थान: आवेदन पत्र संबंधित ब्लॉक के बाल विकास परियोजना अधिकारी (WCDPO) कार्यालय से प्राप्त ब वही जमा किए जा सकते हैं।

संलग्न: भर्ती नोटिस की प्रति (सूचना पत्र पर लगाने हेतु) / Selection format / मुनादी प्रमाण पत्र
Soft & hard copy

जिला कार्यक्रम अधिकारी,
महिला एवं बाल विकास विभाग,
रेवाड़ी।

# महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला रेवाड़ी (हरियाणा)

## विज्ञापन

**जिला रेवाड़ी में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं आंगनवाड़ी सहायिका के पूर्ण एवं मानदेय आधार पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन (वर्ष 2026) आवेदन आमंत्रण सूचना**

महिला एवं बाल विकास विचार, हरियाणा अन्तर्गत जिला रेवाड़ी के महिला एवं बाल विकास परियोजनाओं में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं आंगनवाड़ी सहायिका के पूर्णतः अस्थाई एवं मानदेय आधारित रिक्त पदों की पूर्ति हेतु ऑफलाइन के माध्यम से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

जिला : रेवाड़ी

| परियोजना | आंगनवाड़ी कार्यकर्ता | आंगनवाड़ी सहायिका |
|---|---|---|
| खोल | 26 | 61 |
| जाटूसना | 26 | 74 |
| रेवाड़ी ग्रामीण | 8 | 64 |
| बावल | 29 | 53 |
| नाहड़ | 6 | 48 |
| रेवाड़ी शहरी | 8 | 51 |
| कुल | 103 | 351 |

विज्ञापन में परियोजना के अनुसार आंगनवाड़ी वर्कर व सहायिका के पदों की जानकारी उल्लेखित है। सभी आंगनबाड़ी वर्कर व सहायिका के रिक्त पदों का विवरण संबंधित महिला एवं बाल विकास परियोजना कार्यालय पर उपलब्ध है।

नोट : उपरोक्त वर्णित पदों की संख्या विभागीय स्थिति के आधार पर घट/बढ़ सकती है।

उपरोक्त पदों का परियोजना/ग्राम पंचायत/वार्ड विवरण एवं आरक्षण सहित अर्हता का पूर्ण विवरण जिला के उपर्युक्त महोदय, अतिरिक्त उपायुक्त महोदय व सभी महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय के नोटिस बॉर्डर पर चस्पा कर दी गई है।

**विज्ञापित पदों को भरने के लिए मुख्य नियम एवं शर्ते निम्नलिखित हैं :-**

1. विज्ञापित पदों हेतु केवल संबंधित ग्राम पंचायत / वार्ड की महिला अभ्यर्थी ही पात्र होगी।
2. आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के रिक्त पदों के लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता 12वीं पास तथा मेरिट 12वीं पास के प्राप्तांको (एक्चुअल मार्क्स) के आधार पर तैयार की जाएगी। उच्च शिक्षा (स्नातक हेतु 3 अंक तथा स्नातकोत्तर हेतु 5 अंक) के अतिरिक्त अंक नियमानुसार मेरिट सूची में जोड़े जाएंगे।
3. आंगनवाड़ी सहायिका के रिक्त पदों के लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता 10वीं पास तथा मेरिट 10वीं पास के प्राप्तांको (एक्चुअल मार्क्स) के आधार पर तैयार की जाएगी। उच्च शिक्षा (बारहवीं हेतु 3 अंक तथा स्नातक हेतु 5 अंक) के अतिरिक्त अंक नियमानुसार मेरिट सूची में जोड़े जाएंगे।
4. विशेष परिस्थिति वाली श्रेणियों (जैसे विधवा, तलाकशुदा अथवा निर्धारित विषयों के अंतर्गत आने वाली पात्र महिलाएं) को 10 अंक की विशेष वरीयता दी जाएगी।
5. कार्य अनुभव (Experience)- अधिकतम 5 अंक

   आंगनवाड़ी कार्यकर्ता/ क्रेच वर्कर / आंगनवाड़ी सहायिका के रूप में पूर्व में किए गए कार्य के लिए प्रतिवर्ष 1 अंक दिया जाएगा।

   1 वर्ष का अनुभव - 1 अंक, 2 वर्ष का अनुभव - 2 अंक, 3 वर्ष का अनुभव - 3 अंक, 4 वर्ष का अनुभव - 4 अंक, 5 वर्ष या इससे अधिक का अनुभव - 5 अंक

   नोट : 1 वर्ष से कम की अवधि के लिए कोई अंक नहीं दिया जाएगा। केवल संबंधित WCDPO या DPO द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्र ही मान्य होंगे।
6. अतिरिक उच्च शिक्षा (एडिशनल हायर एजुकेशन) - अधिकतम 5 अंक

   आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पद हेतु स्नातक योग्यता के लिए 3 अंक व स्नातकोत्तर योग्यता के लिए 5 अंक दिए जाएंगे। आंगनवाड़ी सहायिका के लिए पद हेतु 12वीं (10+2) योग्यता के लिए 3 अंक व स्नातक योग्यता के लिए 5 अंक दिए जाएंगे।
7. आवेदिका को रिक्त पद के ग्राम पंचायत / वार्ड (शहरी क्षेत्र) की स्थाई निवासी होना अनिवार्य है। ग्राम पंचायत में आने वाले समस्त सम्मिलित होंगे।
8. आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व आंगनवाड़ी सहायिका का चयन विभाग द्वारा निर्धारित चयन कमेटी के द्वारा ग्राम व वार्ड अनुसार मेरिट सूची के आधार पर किया जाएगा।
9. आवेदिका की आयु निर्धारित कट ऑफ तिथि (01 जुलाई 2026) की न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 42 वर्ष होगी। आयु सीमा में विशेष छूट: विधवा, तलाकशुदा, परित्यकता (Deserted), ऐसी महिलाएं जिनके पति को उम्रकैद की सजा हुई हो या जिसका पति 70% या उसे अधिक दिव्यांग हो (सक्षम मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र के आधार पर), उन्हें नियमानुसार आयु सीमा में छूट दी जाएगी तथा उनके लिए अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष होगी।
10. निवास व जाति प्रमाण पत्र के संबंध में तहसील से ऑनलाइन डिजिटल हस्ताक्षर से निर्गत निवास व जाति प्रमाण पत्र ही मान्य होंगे, जिनका ऑनलाइन सत्यापन संभव हो।
11. विज्ञापित पदों हेतु केवल संबंधित महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी के कार्यालय में निर्धारित समयावधि के अंदर प्राप्त आवेदन पत्र ही स्वीकार होंगे। केवल ऑफलाइन आवेदन पत्र ही मान्य होंगे।
12. त्रुटीपूर्ण आवेदन पत्र पर विचार नही किया जावेगा।
13. विज्ञापित पदों हेतु ऑफलाइन आवेदन की तिथि दिनांक 20.07.2026 से दिनांक 29.07.2026 के सायं 5:00 बजे तक रहेगी।

जिला कार्यक्रम अधिकारी,
महिला एवं बाल विकास विभाग,
रेवाड़ी